Need to establish AIIMS in Hazaribagh, Jharkhand-laid

श्री मनीष जायसवाल (हज़ारीबाग) : मैं अपनी लोक सभा हजारीबाग, झारखण्ड के गरीबों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक मांग करता हूं । हमारी लोक?सभा क्षेत्र में गरीबों के इलाज हेतु समुचित व्यवस्था न होने के कारण बड़ी संख्या में लोग इलाज हेतु दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, राँची, वेल्लोर जैसे शहरों में जाते है, जहां भीड़ के चलते उन्हें इलाज हेतु उन्हें बड़ा संघर्ष करना पड़ता है, जिनमें इमरजेंसी बीमारियों के इलाज समय पर न हो पाने के कारण गरीबों को निराशा का सामना करना पड़ता है, तथा बड़े शहरों में गरीबों को अत्यधिक आर्थिक संकट का भी सामना करना पड़ता है। अतः माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जी से आग्रह है कि हजारीबाग में नए एम्स हॉस्पिटल का निर्माण जल्द से जल्द करवाया जाय जिससे हमारी लोक सभा के साथ-साथ कोडरमा, चतरा, रामगढ़ ? हजारीबाग जिलों में रह?रहे करोड़ों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य का लाभ मिलेगा ।